साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया
YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है संपर्क करें ...
संपर्क करे- 9425156055
वर्ष-10 अंक-11 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ-08 मूल्य 2 रूपये

## BNS 85- किसी महिला के पति या पति के नातेदार द्वारा उसके प्रति क्रूरता करना के अपराध को किस न्यायालय में दायर किया जा सकता है जानिए

भारतीय न्याय संहिता,2023 की धारा 85 (जोकि पूर्व में 498A थी) विवाहित महिलाओं की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण हथियार है। जिन लोगों को इसके बारे में जानकारी है वह तो अपनी रक्षा कर लेते हैं परंतु बहुत सारी महिलाओं को अभी भी इसके बारे में सही जानकारी नहीं है और इसके कारण लोग उन्हें आसानी से भ्रमित कर देते हैं। साधारण शब्दों में कहें तो अगर कोई विवाहित महिला के ससुराल वाले अर्थात पति, देवर, जेष्ठ-जिठानी,नन्द, सास ससुर या पति का कोई भी नातेदार महिला के साथ क्रूरता का व्यवहार करता है या मारपीट करता है तब महिला सभी नातेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा सकती है। अगर पुलिस थाने द्वारा महिला की एफआईआर दर्ज नहीं की जाती है तो महिला डायरेक्ट न्यायालय में परिवाद (शिकायत) दर्ज करवा सकती है। परिवाद सुनने के लिए न्यायालय का अधिकारिता क्षेत्र कौनसा होगा जानिए। रूपाली देवी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (निर्णय वर्ष 2019)ः- उपरोक्त मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा गया है कि जिस स्थान पर पत्नी अपने पति या उसके नातेदार द्वारा क्रूरता का शिकार होकर अपना वैवाहिक घर छोड़कर या भाग कर शरण लेती हैं उस स्थान के न्यायालय में भी महिला भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498(ए) (अब BNS की धारा 85 होगी) के अपराध का परिवाद दर्ज करने का अधिकार क्षेत्र होगा।


लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

# माताओं-बहनों को सर्वोपरि रखने की है हमारी संस्कृति : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी संस्कृति माताओं-बहनों का सर्वोपरि रखने की रही है। बहनों को विधानसभाओं और लोकसभा में आरक्षण दिलवाने के लिए हमारी सरकार लड़ाई लड़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सबको साथ लेकर चलने के लिए सभी से अपील की थी, लेकिन कुछ राजनैतिक दलों को बहनों को उनका अधिकार देने में जरा भी दया नहीं आई। पहले भी बहनों के भरण पोषण के भत्ते से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी इन लोगों ने ही ठुकरा दिया था। राज्य सरकार माताओं-बहनों का सम्मान करते हुए लाड़ली बहना योजना के माध्यम से बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात दे रही है। प्रदेश के 17 जिलों में महिला कलेक्टर हैं। प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में महिला अधिकारी एसपी हैं और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। सागर जिले में सांसद, महापौर भी महिलाएं हैं। प्रदेश भर में प्रमुख पदों पर महिलाओं को जिम्मेदारी दी जा रही है, लेकिन कई राजनैतिक दलों को नहीं सुहाता है। माताएं-बहनें सब कुछ भूल सकती हैं, पर अपना अपमान कभी नहीं भूल सकती हैं, बहनों से यही अपील है कि मौका मिलने पर हिसाब जरूर चुकता करना है। हमारा पूर्ण संकल्प है कि आज नहीं तो कल प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में इन बहनों को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवा कर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, नरयावली, सागर में विकास कार्यों के भूमि पूजन और लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन के प्रारंभ में बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल और डॉ. हरिसिंह गौर को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या पूजन तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरयावली में 27 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विद्यालय नहीं, हमारी 5 हजार साल पुरानी विरासत का प्रतीक है। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने वाले श्रीकृष्ण हमारे आदर्श हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरयावली में 41 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से 36 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें विभिन्न पंचायतों में बने 12 सीसी रोड शामिल हैं। क्षेत्र की जनता को नए सामुदायिक भवनों और आंगनवाड़ी भवनों की भी सौगात मिली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा आज 17 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत से 62 विकास कार्यों का भूमि-पूजन भी किया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए सरकार प्रयासरत है। अब कृषक कल्याण वर्ष में किसानों को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही हैं। बुंदेलखंड की धरती वीरों और महावीरों की धरती है।

बुंदेलखंड के लोग हर क्षेत्र में दक्ष थे, लेकिन प्रकृति की मार पड़ी तो पानी की कमी हो गई और खेती प्रभावित होने से पलायन शुरू हो गया। अब प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में यहां केन-बेतवा लिंक नदी जोड़ो परियोजना की सौगात मिली है। इस 1 लाख करोड़ रूपए की परियोजना से बुंदेलखंडवासियों के पीने के पानी की समस्या हल होगी। किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। उद्योग-धंधे स्थापित होंगे। सागर में इंडस्ट्रियल पार्क का कार्य तेजी से हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को 5 रुपए में बिजली का अस्थाई कनेक्शन दिया जा रहा है। किसानों को 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देकर 2625 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य पर गेहूं खरीदा जा रहा है। किसानों से किए सभी वादों को पूरा करते हुए आगामी वर्षों में 2700 रुपए से अधिक भाव पर गेहूं खरीदा जाएगा। किसान भाइयों की मेहनत से प्रदेश में इस वर्ष गेहूं उत्पादन भी बढ़ा है। अब पॉली बैग्स का विकल्प निकाला गया है।

## Legal advice- किस दण्ड न्यायालय को कितनी सजा, जुर्माना की शक्तियां प्राप्त हैं, अवश्य पढ़िए ताकि याद रहे

जब कोई व्यक्ति किसी अपराध को अंजाम देता है तो उसका अपराध भारतीय दण्ड संहिता,1860 या किसी विशेष विधि के अंतर्गत दर्ज होता है लेकिन अपराध के बाद की जो कार्यवाही होती है वह दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अंतर्गत पूरी की जाती है। यहां एक बात और ध्यान देने योग्य है, दण्ड प्रक्रिया संहिता की सम्पूर्ण प्रक्रिया सिर्फ आपराधिक मामलों में ही होती है। सिविल मामलों में नहीं होती। आज हम आपको बताएगे की किस दण्ड न्यायालय को कितनी सजा और कितना जुर्माना देने की शक्ति प्राप्त है:-

(1). द्वितीय वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, विशेष महानगर मजिस्ट्रेटः- विधि द्वारा प्राधिकृत एक वर्ष तक के करावास का दण्ड या पाँच हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित करने की शक्ति प्राप्त है।


लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम)

(2). प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, महानगर मजिस्ट्रेट :- विधि द्वारा प्राधिकृत तीन वर्ष की कारावास या दस हजार रुपए तक का जुर्माना या दोनो से दण्डित करने की शक्ति प्राप्त है।

(3). मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुख्य महानगर मजिस्ट्रेटः- विधि द्वारा प्राधिकृत सात वर्ष तक की कारावास एवं जुर्माना से दण्डित करने की शक्ति प्राप्त है।

(4). सहायक सत्र न्यायाधीशः- विधि द्वारा प्राधिकृत दस वर्ष तक के कारावास एवं जुर्माना से दण्डित करने की शक्ति प्राप्त है।

(5). सत्र न्यायालय के न्यायाधीश , अपर सत्र न्यायाधीशः- विधि द्वारा प्राधिकृत किसी भी प्रकार का दण्ड देने की शक्ति लेकिन मृत्यु दण्ड देने से पहले हाईकोर्ट की पुष्टि आवश्यक होती है। (6) उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय कोः- विधि द्वारा प्राधिकृत कोई भी दंडादेश देने की शक्तियां प्राप्त है। इस प्रकार भारत की न्याय व्यवस्था में अनुशासन स्थापित किया गया है। ना तो हर प्रकार के न्यायालय में हर प्रकार के मामलों की सुनवाई हो सकती है और ना ही कोई भी न्यायधीश किसी भी प्रकार के मामले की सुनवाई के बाद दंड का आदेश दे सकता है।

## निगम कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए राहत शिविर 24 अप्रैल को, एक ही छत के नीचे होगा समस्याओं का समाधान

**कटनी**

कटनी।। नगर निगम प्रशासन द्वारा कर्मचारियों एवं पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 24 अप्रैल 2026 को एक विशेष कर्मचारी समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नगर निगम कार्यालय के एमआईसी सभाकक्ष में आयोजित होगा। शिविर के दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार स्वयं उपस्थित रहकर कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों पर सुनवाई करेंगी। इस पहल से कर्मचारियों को अपनी समस्याएं सीधे उच्च अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा। उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य निगम के वर्तमान एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक ही स्थान पर सरल एवं त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है, जिससे अनावश्यक विलंब और जटिल कार्यालयीन प्रक्रियाओं से राहत मिल सके उन्होंने निगम में कार्यरत सभी कर्मचारियों एवं पेंशनरों से अपील की है कि वे 24 अप्रैल को आयोजित इस शिविर में उपस्थित होकर अपने सेवा संबंधी प्रकरण, वेतन, पेंशन, जीपीएफ, अवकाश एवं अन्य समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराएं।

# राज्यमंत्री कृष्णा गौर का सख्त रुखः लापरवाही पर एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश



गोविंदपुरा क्षेत्र के विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा है कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वार्ड 68 में 1.37 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण के दौरान मंत्री ने निर्माण कार्य में देरी और अनियमितताओं पर नाराजगी जताते हुए संबंधित एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने और टेंडर निरस्त करने के निर्देश दिए।राज्यमंत्री ने वार्ड 68 अयोध्या नगर में परशुराम चौराहे से जोन कार्यालय मंगल भवन तक पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य का भूमिपूजन किया , जिसकी लागत 26 लाख रुपए है। इस दौरान उन्होंने स्थानीय रहवासियों और जनप्रतिनिधियों की शिकायतों पर जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए ठेकेदार मेसर्स वैभव सक्सेना को निर्माण कार्य में लापरवाही पर कमिश्नर से शिकायत और टेंडर रद्द करने के आदेश मौजूद अधिकारियों को दिए। वार्ड 68 में 4 लाख रुपए की लागत से एल सेक्टर पार्क में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, प्लेग्राउंड इक्यूपमेंट्स एवं ओपन जीप इक्विपमेंट लगाने के निर्माण कार्य और 10 लाख की लागत से जी सेक्टर में बाबूलाल गौर पार्क में बाउंड्री वॉल व पाथवे निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने गीत बंगलो फेस 4 में लगभग 7 लाख की लागत से बनने वाली आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया और एम सेक्टर में कम्युनिटी हॉल के निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया, जिसकी लागत 4 लाख रुपए है। राज्यमंत्री ने अयोध्या नगर मारुति विहार के पास आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, जिसकी लागत 3 लाख रुपए आएगी। अयोध्या नगर फेस-5 पार्ट 1 में कम्यूनिटी हाल की बाउंड्री वाल का काम 10 लाख की लागत से किया जाएगा। अयोध्या नगर फेस-5 पार्ट 2 में सीवेज कार्य का भूमिपूजन भी किया गया, जिसकी लागत 31 लाख रुपए है। सुख सागर फेस-1 में 4 लाख रुपये की लागत से कम्यूनिटी हाल का निर्माण कार्य भी किया जाएगा और भवानी केम्पस में शेड लगाने का कार्य लगभग 2 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। उन्होंने अयोध्या नगर फेस-5 पार्ट 1 के रहवासियों के लिए लोकार्पण कर सामुदायिक भवन की सौगात दी।राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों से चर्चा की और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए भी निर्देशित किया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती उर्मिला मौर्य, श्रीमती शिरोमणी शर्मा, श्री लवकुश यादव, श्री भीकम सिंह बघेल समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# भोपाल में अत्यंत हर्ष और उल्लास से निकली चित्रगुप्त जी की भव्य शोभा यात्रा

आज वैशाख शुक्ल गंगा सप्तमी के दिन सम्पूर्ण जगत का लेखा-जोखा रखने वाले चित्रांश समाज1 के आराध्यदेव भगवान चित्रगुप्त जी का प्रकट उत्सव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं सर्व कायस्थ संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया. आज प्रातः सामाजिक बंधु सपरिवार घर से पूजा अर्चना के बढ़ नेवरी, होशंगाबाद रोड, 1100 क्वार्टर्स, कोटरा, भेल, भवानी धाम, कमाली मंदिर, प्रोफेसर कॉलोनी के पश्चात जवाहर चौक स्थित चित्रगुप्त जी के मंदिर पहुंचे, यहाँ सभी ने सामूहिक हवन, कलम दवात का पूजन के बाद चित्रगुप्त जी जी सामूहिक आरती कि, जिसमें मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, सेवानिवृत मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्री अरुण श्रीवास्तव, कांग्रेस के महासचिव श्री संजीव सक्सेना, पार्षद वीनू मोनू सक्सेना एवं प्रवीण सक्सेना ने शोभा यात्रा को भव्य स्टेज से ध्वज दिखाकर रवाना किया, जिसमें घोड़े बग्गी बैंड बाजों के साथ सभी लोगों के साथ भजन कीर्तन करते हुए शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर आकर्षक आतिशबाजी का आनंद उठाया एवं चित्रांश समाज के महापुरुषों एवं पर्यावरण पर आधारित सडक के दोनों ओर लगी प्रदर्शनी को निहारा तथा उज्जैन के डमरू दल एवं बैंडबाजों के साथ पैदल चलकर झूमते नाचते हुए शोभा यात्रा कि शोभा बढ़ाई, जिसमें भोपाल के सभी 22 कायस्थ संगठनों के पदाधिकारी सर्वश्री अजय श्रीवास्तव नीलू सुनील श्रीवास्तव संजीव श्रीवास्तव (संयोजक) पंकज कुलश्रेष्ठ बृजेश श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव अभय प्रधान (प्रवक्ता) उदय श्रीवास्तव आशीष श्रीवास्तव वेद आशीष श्रीवास्तव शैलेन्द्र निगम चंद्रेश सक्सेना सुम्मी विश्वनाथ भटनागर अजय निगम सुनील श्रीवास्तव एडवोकेट बृजेश श्रीवास्तव डी के श्रीवास्तव एम के भटनागर महेंद्र श्रीवास्तव अनिल श्रीवास्तव राजेंद्र श्रीवास्तव दिनेश चंद्र श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव मीना अरुण श्रीवास्तव ममता श्रीवास्तव वंदना प्रधान नीना सक्सेना सुधीर सिन्हा उषा सुधीर खरे शैलेश श्रीवास्तव साक्षी सक्सेना सुनील श्रीवास्तव एडवोकेट सौरभ कुलश्रेष्ठ आलोक श्रीवास्तव रूपाली श्रीवास्तव विवाह श्रीवास्तव राजेश नारायण श्रीवास्तव अनिल श्रीवास्तव पंकज सक्सेना राजीव सक्सेना चित्रांश दीप रूपाली खरे राशि सक्सेना सारिका सक्सेना प्रतिभा कुलश्रेष्ठ अंकुर श्रीवास्तव विवेक श्रीवास्तव सहित भोपाल के बड़ी संख्या में चित्रांश बन्धुओं ने अपार हर्ष के साथ शोभा यात्रा का आनंद उठाया. आज प्रकटोत्सव पर्व पर राजधानी में जबरदस्त उत्साह का माहौल रहा.

÷चित्रगुप्त भगवान का प्रकटोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और एकजुट करने का सशक्त अवसर है।

# क्या सच में रेलवे ट्रैक पर बच्ची को एक गाय द्वारा बचाया गया? जानिये वीडियो का सच

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश

आजकल सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से साझा किया जा रहा है जिसमें एक गाय के द्वारा रेलवे ट्रैक पर खड़ी एक बच्ची की तेज़ गति से आती हुई रेल की टक्कर से चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बचा लिया गया । वीडियो को देखकर लोग आश्चर्य में पड़ गए वीडियो में यह दावा किया गया है कि इसमें हाल ही में हुई एक घटना को दर्शाया गया है। वीडियो में दिखाया गया है कि तेज रफ्तार ट्रेन उस जगह की ओर आ रही थी जहां बच्ची खड़ी थी, तभी अचानक कहीं से एक गाय प्रकट हुई और उसे खींचकर दूर ले गई, जिससे बच्ची रेल की टक्कर से बच गई । वायरल वीडियो का विश्लेषण किया गया और विश्लेषण में कई सोशल मीडिया अकाउंट मिले जिन्होंने इसी तरह के दावों के साथ वही वीडियो साझा किया था। हालांकि जांच में पता चला है कि यह वीडियो आर्टिफिशल इंटेलिजेंस् द्व द्वारा बनाया गया है। वीडियो में एआई-जनरेटेड या डीपफेक सामग्री होने की संभावना है।वीडियो में कई दृश्य विसंगतियां हैं। और जांच उपकरणों से डिजिटल हेरफेर का संकेत मिलता है। वीडियो को दर्शकों को गुमराह करने के उद्देश्य से ऑनलाइन साझा किया जा रहा




है। पहली बार 15 अप्रैल को एक ङ हैंडल पर यह वीडियो साझा किया गया जिसमें इस भ्रामक वीडियो को कथित तौर पर एक वास्तविक घटना के रूप में दिखाया गया है। जिसमें एक गाय ने रेलवे ट्रैक पर खड़ी एक बच्ची की जान बचाई। रिपोर्ट बनने तक वीडियो को 1.6 मिलियन बार देखा जा चुका था। जबकि इस वीडियो का किसी वास्तविक घटना से कोई लेना देना नहीं है ।

# सीएमएचओ कार्यालय टीम की इमरजेंसी केस में रिस्पॉन्स टाइम को देखने हुई मॉकड्रिल

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल




आकस्मिक चिकित्सा परिस्थितियों में मरीज को समय पर उपचार मिलने की व्यवस्था देखने के लिए सिविल अस्पताल बैरागढ़ में मॉकड्रिल की गई। ये कार्यवाही बेहद गोपनीय ढंग से की गई। इस दौरान अस्पताल अधीक्षक सहित अस्पताल के किसी भी स्टाफ को मॉकड्रिल की जानकारी नहीं थी। सीएमएचओ टीम द्वारा उन्हें बताया गया कि एक गंभीर हाईरिस्क गर्भवती महिला अस्पताल लाई जा रही है जिसे तुरंत ऑपरेट किया जाना जरूरी है। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा के निर्देश पर मॉक ड्रिल के लिए रात 12 बजे निरीक्षण दल अस्पताल पहुंचा था। टीम द्वारा सबसे पहले ड्यूटी डॉक्टर को हाईरिस्क गर्भवती महिला के अस्पताल पहुंचने की जानकारी देकर ऑन कॉल डॉक्टर्स को बुलाने हेतु कहा गया। इस दौरान अस्पताल में मौजूद ड्यूटी डॉक्टर और स्टाफ नर्स को सख्त हिदायत दी गई कि टीम के आने की सूचना अधीक्षक सहित अन्य किसी अस्पताल स्टाफ को नहीं दी जाएगी। ड्यूटी डॉक्टर द्वारा तुरंत ही स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं निश्चेतना विशेषज्ञ को कॉल कर अस्पताल आने हेतु कहा गया। साथ ही ऑपरेशन थिएटर को चालू करवाकर अस्पताल में खून की उपलब्धता देखी गई। लगभग 30 से 40 मिनट में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, निश्चेतना विशेषज्ञ, ओटी इंचार्ज ने अस्पताल पहुंचकर ऑपरेशन की तैयारियां पूरी की। सी-सेक्शन की सभी तैयारियों पूरी होने के बाद सीएमएचओ टीम ने मॉकड्रिल का खुलासा किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि अस्पताल में गंभीर केस के पहुंचने पर कम से कम समय में इलाज देकर जोखिम की संभावनाओं को न्यूनतम किया जा सकता है। इसे देखने के लिए अस्पताल में मॉकड्रिल की गई है। ड्यूटी रोस्टर के सख्ती से पालन करने, रिस्पॉन्स टाइम को मिनिमम करने, ऑन कॉल डॉक्टर्स के अल्टरनेट फोन नंबर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य व कृषि स्थाई समिति-सभापति श्रीमती सुखमंती सिंह ने सरकार पर साधा निशाना और भरतपुर-सोनहत की विधायक रेणुका सिंह को लिया आड़े हाथ

## भारत सरकार की जल जीवन मिशन हर गरीब के घर में पानी पहुचाने का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में असफल क्षेत्र की विधायक रेणुका सिंह व अधिकारी कर्मचारी मौन

छत्तीसगढ़ प्रदेश के एम. सी.बी. जिला अंतर्गत भरतपुर विकास खण्ड में डबल इंजन की सरकार के रहते नल जल योजना पूरी तरह फेल है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में सरकार और विधायक के नाक के नीचे खुलेआम भ्रष्टाचार की गई है। श्रीमती सुखमंती सिंह ने सरकार और क्षेत्रीय विधायक श्रीमती रेणुका सिंह को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भीषण गर्मी में क्षेत्र की जनता पीने की पानी के लिए परेशान है। जनपद पंचायत भरतपुर के 83 ग्राम पंचायत या यूं कहें 183 गांव जो आज तक नल जल योजना जो केन्द्र की मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है से ग्राम वासी पूर्णतः आज भी वंचित है। सरकार का इस पर किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं है तथा सरकार का अंग जो यहां की विधायक हैं रेणुका सिंह जी उनका इस ओर कोई ध्यान न देना समझ से परे है। प्रशासन पूरी तरह से आंख कान बंद करके बैठी हुई है तथा कार्यवाही करने से बच रही हैं जबकि नल जल योजना से क्षेत्र के जितने भी गांव में घर घर पानी पहुंचाने का था वो पूरा का पूरा फेल नजर आ रहा है । ग्रामीण क्षेत्रों मे हर जगह कहीं टंकी, कहीं पाईप, कहीं , टोंटी, कहीं स्ट्रक्चर आधा अधुरा बना है, कहीं टंकी शोरूम बना है कहीं टंकी में दरारें आ गई हैं कहीं लीक हो रहे हैं लेकिन ठेकेदारों ने अधिकारी कर्मचारियों के साथ सांठ-गांठ कर पैसे का बन्दर बांट कर के आधा अधूरा काम करके निकल लिये हैं किन्तु न जाने सरकार इनके ऊपर कार्यवाही करने से क्यों बच रही है जो सरासर गलत है आज गर्मीण क्षेत्र में लोग इस भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से जुझ रहे हैं और शासन सत्ता में बैठे लोग यहां के विधायक - सांसद लोगों को हो रहे परेशानियों से कोई सरोकार नहीं रखते। जनता जनार्दन किसके पास जाकर अपनी समस्या बताएं। सत्ता में बैठे लोगों का संरक्षण ठेकेदारों को बचाने का






काम कर रही है। बीजेपी की सरकार जिसका गुणगान बीजेपी विधायक महोदया डबल इंजन की सरकार है और यही कह कह कर लोगों को भ्रमित करती हैं उनसे मेरा कहना है कि आईए क्षेत्र की जनता आपको लापता विधायक के नाम से न जाने इसलिए क्षेत्र में आईए और जनता जनार्दन के समस्याओं का निराकरण कराइये। भरतपुर विकास खंड में 83 ग्राम पंचायत है जो आज दिनांक तक देखा जाए तो 10% भी गांवों में नल जल योजना चालू नहीं है और भारत सरकार की हर मिशन अधूरी पड़ी हुई है । माननीय विधायक महोदया जी अपने हर बात से मुकर रही है और जल जीवन मिशन की ओर से सभी क्षेत्र में अधूरा काम किया गया है। हर जगह जगह में खुल कर भ्रष्टाचार हो रहा है वो चाहे pmgsy सड़क निर्माण हो या जल संसाधन विभाग से नाली निर्माण कार्य हो या जनकपुर बस्ती में सड़क- नाली निर्माण हो या अवैध रूप से रेत उत्खनन हो सभी जगहों पर पैसों का जमकर बंदरबांट हो रहा है कोई देखने सुनने वाला नहीं है न ही किसी पर कोई कार्यवाही हो रही है। आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य व कृषि स्थाई समिति सभा पति श्रीमती सुखमंती सिंह जी ने बताया कि चांद भाखर से लेकर पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन कही भी संचालित नहीं है और कही भी है तो दिखावा है दो चार घर में चालू है और बीजेपी सरकार दावा करती हैं कि हम विकाश की गंगा बहा रहे हैं लेकिन धरातल में देखा जाए तो सब कुछ उल्टा दिखाई देती हैं। अब देखने वाली बात है इन सब विषयों पर शासन प्रशासन व क्षेत्रीय विधायक महोदया क्या करती हैं। जनता जनार्दन को पानी की सुविधा व और अन्य विषयों कार्यवाहियां होती हैं या जनता को इंतजार करना पड़ेगा।

## उप मुख्यमंत्री ने जनगणना के लिए डिजिटल सुविधा का लाभ लेने की नागरिकों से की अपील

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश



उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जनगणनाङ्क2027 अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया को बढ़ावा देते हुए स्वयं कंप्यूटर के माध्यम से स्व-गणना फॉर्म भरकर नागरिकों को प्रेरित किया और यह संदेश दिया कि यह प्रक्रिया अत्यंत सरल एवं सहज है। उप मुख्यमंत्री ने समस्त नागरिकों से इस डिजिटल सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई यह आधुनिक डिजिटल सुविधा नागरिकों को घर बैठे सरल, सुरक्षित एवं सुविधाजनक तरीके से जनगणना में भाग लेने का अवसर प्रदान करती है। कोई भी नागरिक पोर्टल पर लॉगिन कर कुछ आसान प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकता है। उप मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्व-गणना सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और जनगणना कार्य को सफल बनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। सभी स्व-गणना करें और सशक्त, पारदर्शी एवं डेटा-संपन्न भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। उल्लेखनीय है कि जनगणनाङ्क2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इसके पूर्व 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना हेतु पोर्टल पर विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस अवधि में नागरिक अपनी स्व-गणना समय रहते पूर्ण कर सकते हैं, जिससे आगामी प्रक्रिया और अधिक सुगम हो सके। इससे नागरिकों को घर, कार्यालय अथवा किसी भी स्थान से मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से सुरक्षित रूप से जानकारी दर्ज करने की सुविधा मिलती है। यह न केवल समय की बचत करता है, बल्कि डेटा संग्रहण को अधिक सटीक एवं प्रभावी भी बनाता है। जनगणनाङ्क2027 में पहली बार नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया गया है, जो एक आधुनिक, तकनीकी रूप से सशक्त एवं समावेशी प्रक्रिया की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे नागरिकों की भागीदारी बढ़ेगी और देश के विकास के लिए आवश्यक आंकड़ों का संकलन अधिक सुगमता से किया जा सकेगा। जनगणना का द्वितीय चरण, जिसमें जनसंख्या गणना की जाएगी, फरवरी 2027 में पूरे देश में संपन्न होगा। इस दृष्टि से वर्तमान स्व-गणना प्रक्रिया नागरिकों को प्रारंभिक चरण में ही जुड़ने और अपनी जिम्मेदारी निभाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।

# भूल न जाना मेरा प्यार: कलाकारों ने याद किया आशा भोंसले को

मथुरा।

संगीत और कला को प्रोत्साहन देने के लिए प्रसिद्ध नाट्य संस्था व्हाइट फ्रेम थिएटर द्वारा अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में हुए एक भव्य आयोजन में स्वर्गीय आशा भोसले जी को याद किया गया ।

कार्यक्रम के आरंभ में आशा भोसले जी के गाए भजन पर सभी ने ध्यान किया फिर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं दीपांजलि द्वारा अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर आशा भोंसले के गाए गानों पर , उनके विभिन्न साक्षात्कारों पर, उनके द्वारा किए गए लाइव कार्यक्रमों पर एवं उनके स्वर्गवास के दृश्यों पर आधारित चार फिल्मों का प्रदर्शन भी हुआ ।

फिल्में देखकर सभी उपस्थित दर्शक, श्रोता भावुक हो गए ।




मथुरा के सभी ख्याति प्राप्त एवं नवोदित गायक गायिकाओं ने आशा भोंसले के गाने गाकर उनको अपनी श्रद्धांजलि दी ।कार्यक्रम में आशा भोंसले के द्वारा गाए 22 गाने प्रस्तुत हुए।

कार्यक्रम के मध्य में डॉक्टर अनिल बाजपेई ने आशा भोसले और ओपिनियन के संगीत के ऊपर कुछ रोचक संस्करण सुनाएं इस प्रकार श्री गोपाल अग्रवाल जी ने आशा भोसले और आरडी बर्मन के विभिन्न संस्मरण सुनाए। ब्रज बांसुरी ग्रुप के निदेशक विनय गोस्वामी जी ने आशा भोंसले के गायन की बारीकियां बताई। महोली रोड के पार्षद श्री कुलदीप पाठक जी ने आशा जी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की। कार्यक्रम का बहुत सुंदर संचालन डॉ मांडवी राठौर ने किया। संचालन के मध्य उन्होंने आशा भोसले जी के विभिन्न संस्मरण सुनकर पूरा कार्यक्रम आशामय कर दिया।संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन व्हाइट फ्रेम थिएटर के सह निदेशक आकाश शर्मा ने किया। पार्श्व संगीत एवं फिल्मांकन पक्ष श्री विनोद शर्मा ने संभाला।

व्हाइट फ्रेम थिएटर के निदेशक प्रसिद्ध टी वी एवं सीने अभिनेता मनोज राठौर ने सभी उपस्थित श्रोताओं को अपना धन्यवाद देते हुए बताया कि व्हाइट फ्रेम थिएटर अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के सहयोग से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है तथा युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति जागृति पैदा करता है।इस अवसर पर प्रमुख गायक गायिकाओं में श्री निमेष कुमार, श्री किशोर कुमार, मनोज राठौर ,आकाश, मनोरमा कौशिक ,
प्रिया,आकांक्षा,यशस्वी,आरोही,अर्जुन खरे,हरीश
सेनी,अंजली,करिश्मा,निहाल,रश्मि चतुर्वेदी,मेघा,ऋषभ ने अपने गीत प्रस्तुत किए। रितु शर्मा ने अपने नृत्य द्वारा तथा गंगा रानी चतुर्वेदी ,सरोज गोला ने आशा भोंसले के ऊपर अपनी कविता के द्वारा दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया

# सामूहिक विवाह सम्मेलन बना अव्यवस्था का अखाड़ा, शासन प्रशासन की जुगलबंदी भरपाई करनी पड़ी लोगों को

**कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक**

शहडोल - मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए चलाई जाती है।

इसमें सरकार सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कर आर्थिक सहायता देती है, ताकि शादी का खर्च कम हो सके। और गरीब परिवार की बेटियों की शादी भी धूमधाम के साथ सम्पन्न हो और परिवार में खुशी का माहौल बना रहे इसी क्रम में शहडोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर में सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन थाना जयसिंहनगर के खेल मैदान में किया गया था। जिसमें 200 जोड़ो का विवाह सम्मेलन आयोजित किया था, लेकिन यह सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन एक अव्यवस्था का अखाड़ा बन कर रह गया जिसमें जनपद पंचायत मुखिया, पत्रकारों व सम्मेलन में आए हुए परिजनों को कई प्रकार से अव्यस्था का सामना करना पड़ा। जिन जोड़ों की शादियां हुई लोगों की माने तो पूर्व में भी शादी होने के उपरांत भी योजनाओं को बनाया गया खिलौना अधिकारी आखिर किस प्रकार से करते हैं कार्य या लापरवाही आखिर है किसकी।

जनपद पंचायत जयसिंहनगर की अध्यक्ष व जिला पंचायत उपाध्यक्ष को किया गया नजरअंदाज






जनपद पंचायत जयसिंहनगर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में जनपद पंचायत जयसिंहनगर की अध्यक्ष मालती सिंह के साथ उक्त कार्यक्रम में एक अजनबी नेता की तरह व्यवहार की किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार जब जनपद पंचायत जयसिंहनगर के कार्यालय से सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थल पर जाने के लिए बरात रवाना हो रही थी उक्त समय पर जनपद पंचायत जयसिंहनगर में लगभग समस्त स्टाफ,जिम्मेदार अधिकारी,जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, लेकिन किसी की नजर जनपद पंचायत के अध्यक्ष के ऊपर नहीं पड़ी जब बारात सम्मेलन स्थल में पहुंची तब जाकर के अधिकारियों को अपनी गलती का अहसास हुआ और आनन फानन में दोनों महिला जनप्रतिनिधो को मनाने की कवायत शुरू हुई जनपद पंचायत जयसिंहनगर के अधिकारी व जनपद पंचायत जयसिंहनगर के उपाध्यक्ष पति के द्वारा दोनों ही महिला जनप्रतिनिधो को मनातें हुए विवाह स्थल तक लेकर के गए लेकिन सोचने वाली बात तो यह है की जिस कार्यालय के सौजन्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इस कार्यालय के मुख्य जनप्रतिनिधि को नजर अंदाज करना कार्यक्रम अधिकारी के लिए कितनी हद तक सही है या यह किसी साजिश की ओर इशारा करता है।

## पत्रकारों को नहीं मिली जगह

जनपद पंचायत जयसिंहनगर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में कहें तो एक औपचारिकता के नाम पर पत्रकारों को आमंत्रित किया गया था। लेकिन कार्यक्रम स्थल पर न ही बैठने की व्यवस्था की गई और न ही किसी प्रकार से कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सामने आकर के कोई स्थिति को स्पष्ट कर पाए।

## पानी के लिए तरसते रहे लोग

जनपद पंचायत जयसिंहनगर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होने के लिए पहुंचे हुए वर, वधुओं के परिजनों को जनपद पंचायत कार्यालय में पीने के पानी के लिए भी कड़ी मशक्त करनी पड़ी इस तरह की भीषण गर्मी में लोगों को पानी के लिए भी परेशान होना पड़ा और जिम्मेदार इस विषय से अपना पल्ला झाड़ते हुए नजर आए।

बारात रवान होने से पहले घंटों कड़ी धूप में खड़े रहे वर

जयसिंहनगर जनपद पंचायत में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर पक्ष के लोगों को बारात में शामिल होने के लिए जनपद पंचायत कार्यालय में एकत्रित किया गया था दोपहर करीब 2 बजे समस्त वर को एक लाइन में लगाकर के लगभग 3 बजे तक इंतजार करवाया गया। इस भीषण गर्मी में वर पक्ष के परिजन व छोटे-छोटे बच्चे व महिलाएं भी इस धूप में परेशान हुए सबसे सोचने वाली बात यह है कि जब सभी जिम्मेदारों को यह पता था कि बारात जनपद पंचायत कार्यालय से ही रवाना होगी तो क्या ऐसी भीषण गर्मी व धूप में भी टेंट की व्यवस्था न करवाना क्या कोई उचित है।

## "शासन की योजनाओं पर भारी पड़ा देवरी का सामूहिक विवाह"

न्यू मित्र मंडली द्वारा सामूहिक विवाह ग्राम पंचायत देवरी में किया गया लेकिन प्रशासन के इतना खर्च करने के बावजूद भी वह व्यवस्था लोगों को नहीं मिल पाई जो वास्तव में लोगों को मिलनी चाहिए सिर्फ अधिकारियों द्वारा अपनी औपचारिकता दिखाते हुए नजर आए आखिर शासन की यह योजना कहां तक कारगर है इसकी होनी चाहिए जांच कहानी अपने आप ही आएगी सामने।

# उदयपुरा में जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर बैठक आयोजित





**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

**उदयपुरा।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरुआत के साथ ही प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आज उदयपुरा तहसील कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जनगणना के तहत 'स्व-गणना' प्रक्रिया को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की गई।

बैठक में संतोष मुद्गल एवं तहसीलदार ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि नागरिक अब दिए गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से स्वयं अपनी जनगणना कर सकते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे न केवल स्वयं इस प्रक्रिया में भाग लें, बल्कि अपने परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अधिक से अधिक जागरूकता फैलाएं। बैठक में जनगणना से जुड़ी प्रक्रियाओं, आवश्यक दस्तावेजों और ऑनलाइन पंजीकरण की विधि पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर पत्रकारों के साथ-साथ पटवारी, ब्लॉक अधिकारी और अन्य प्रशासनिक कर्मचारी भी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से महेंद्र सिंह धाकड़ भी बैठक में शामिल हुए। इसके अलावा गोविंद सिंह रघुवंशी की उपस्थिति भी प्रमुख रही।

# नर्मदा तट शोकलपुर धाट के नीलकंठ संगम पर आदर्श सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन

## सामूहिक विवाह सम्मेलन 40 जोड़ों का विवाह हुआ संपन्न

**देवरी।**

नर्मदा तट शोकलपुर धाट के नीलकंठ संगम पर सोमवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन महाण्डलेश्वर श्री श्री 108 श्री रामदास त्यागी महाराज एवं समिति द्वारा आयोजित कराया गया। जिसमें 40 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को उत्सव में बदल दिया। जहां खुशी और पारंपरिक रंग देखने को मिला।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल सिंह लोधी प्रदेश सचिव लोधी महासभा की उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी सामग्री भी प्रदान की गई, जिससे उनके नए जीवन की शुरुआत को मजबूती मिल सके। भोपाल सिंह लोधी ने मंच के माध्यम से कहा कि इस तरह के आयोजन को बढ़ावा मिलना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। और फिजूल खर्च पर रोक लगा सके। और मां नर्मदा की गोद में जीवन साथी चुना इससे और बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है। नर्मदा क्षेत्र शोकलपुर घाट पर रामदास त्यागी महाराज





द्वारा लगातार 8 वर्षो से सामूहिक विवाह कराया जा रहा है। इनके प्रयास से कई गरीब परिवारों के विवाह संपन्न हुए हैं। इससे बड़ा सौभाग्य हमारे क्षेत्र के लिए मिला सका। कार्यक्रम में सरपंच रिछावर रामस्वरूप लोधी, सरपंच रम्पूरा कामता प्रसाद लोधी,जनपद सदस्य शेरसिह , अध्यक्ष नगर परिषद देवरी रविंद्र रघुवंशी, कमलेश पटेल, जगदीश प्रसाद लोधी, यशपाल लोधी पत्रकार ,लक्ष्मी खजूरिया, सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।सभी अतिथियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की है।

# झुलसाने वाली गर्मी का सामना कर रहे दिल्लीवाले, तापमान 42 डिग्री के पार; शुक्रवार से चलेगी लू

**नई दिल्ली, 23 अप्रैल (एजेंसी)।** बढ़ती गर्मी के बीच बुधवार को दिन भर राजधानी वासी गर्म हवा के थपेड़ों से परेशान रहे। कड़ी धूप और शुष्क हवाओं के चलते लोगों को अब झुलसाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अब यह बात अलग है कि मौसम विभाग का पूर्वानुमान लगातार दूसरे दिन गलत साबित हुआ। लू नहीं चली और येलो अलर्ट भी वापस लेना पड़ गया। बृहस्पतिवार को भी लू चलने के आसार नहीं है। दिल्ली के रिज इलाके अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मालूम हो कि अधिकतम तापमान सामान्य से साढ़े चार डिग्री ज्यादा होने पर ही उसे लू की स्थिति माना जाता है। पहले मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए लू का अलर्ट जारी किया था, लेकिन यह अनुमान भी सटीक साबित नहीं हुआ। बुधवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के समीप तेज धूप में गर्मी से बेहाल होकर सिर पर हाथ रखकर और बैग से बचाव करते हुए जाते यात्री । अब मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार और शनिवार को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में लू की स्थिति बन सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंचने की आशंका है। बुधवार को दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में सुबह ही धूप निकल गई थी। दिन चढ़ने के साथ धूप और तेज होती गई। कड़ी धूप के चलते दिन में 11 बजे के बाद घर से बाहर निकले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



# दिल्ली में घरेलू सहायिका आधार कार्ड मांगने पर टालती रही, तीसरे दिन डेढ़ करोड़ के जेवर-नकदी लेकर फरार

**नई दिल्ली, 23 अप्रैल (एजेंसी)।** घरेलू सहायकों को बिना पुलिस वेरिफिकेशन के रखने से खतरा बढ़ता जा रहा है। दिल्ली में आईआरएस अधिकारी की बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या करने के मामले के बीच एक और मामला उजागर हो गया है। शालीमार बाग क्षेत्र में लगभग छह माह पहले कारोबारी के घर से एक करोड़ रुपये के आभूषण व नकदी चुराने वाली घरेलू सहायिका ने एक और चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। बड़ी बात यह है कि घरवाले उससे आधार कार्ड मांगते रह गए मगर उसने वारदात को अंजाम दे ही दिया। जानकारी के मुताबिक, दो दिन पहले रखी गई यही घरेलू सहायिका करीब डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गई थी। शातिर घरेलू सहायिका ने वेरिफिकेशन का मौका भी नहीं दिया था। मकान मालिक आधार कार्ड मांगते रहे, वह भूलने का बहाना बनाकर टालती रही और मौका मिलते ही कीमती सामान समेट कर फरार हो गई। यह महिला इतने शातिर तरीके से चोरी को अंजाम देती है कि आज तक पुलिस के हाथ नहीं आई है। छह महीने पहले हुई एक करोड़ रुपये की चोरी के समय सीसीटीवी कैमरे में आरोपित का चेहरा तक कैद हो गया, लेकिन पुलिस सुराग तक नहीं जुटा पाई। अब दूसरी बार बड़ी चोरी करके फरार हो गई। लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं।

शालीमार बाग स्थित बीक्यू-ब्लॉक में कारोबारी विजयपाल गुप्ता रहते हैं। बीती 19



तारीख को सुबह साढ़े 10 बजे उनकी घरेलू सहायिका अलमारी में रखे आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गई। चोरी की घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मौके का मुआयना किया और प्राथमिकी दर्जकर आरोपित महिला की तलाश शुरू कर दी है।

प्लास्टिक फैक्ट्री संचालक विजय पाल गुप्ता कि घरेलू सहायिका को दो दिन पहले 17 अप्रैल को रखा था। वेरिफिकेशन के लिए उससे आधार कार्ड मांगा तो कल देने का वादा किया। अगले दिन पूछा तो भूलने का बहाना बनाया। तीसरे दिन सुबह जब वे और उनकी पत्नी पूजा कर रहे थे, तभी अलमारी खोलकर सोने के आभूषण व 4-5 लाख रुपये नकद लेकर गायब हो गई। आभूषण की कीमत अनुमानित डेढ़ करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि अलमारी का ताला खोलने के लिए वह स्क्रू ड्राइवर साथ लेकर आई थी। महिला ने अपना नाम अनीता बताया था और उसकी उम्र लगभग 35 वर्ष है।

इसी घरेलू सहायिका ने पिछले साल अक्टूबर माह में शालीमार बाग के बीएम-ब्लाक में कारोबारी जयभगवान गर्ग के घर से करीब 50 लाख रुपये नकद व 50 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण चुराए थे। जयभगवान गर्ग ने बताया कि जिस तरीके से विजय पाल गुप्ता के घर चोरी की है, ठीक उसी तरह से उनके यहां भी इसी महिला ने चोरी की थी। इस महिला को कहीं से पता लग गया कि उनके यहां घरेलू सहायिका की जरूरत है। उसने अपना नाम अनीता बताया और आधार कार्ड मांगने पर कल लाने की बात कही। दूसरे दिन भी नहीं लेकर आई और तीसरे दिन चोरी करके फरार हो गई। इस बारे में पुलिस में मामला दर्ज कराया, लेकिन आज तक पुलिस उसे पकड़ नहीं पाई। वहीं, मंदिर के पास सीसीटीवी कैमरे में उसका फोटो भी मिल गया, जिसमें महिला चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने दौड़-धूप तो काफी की, लेकिन सुराग नहीं लगा पाई। अब इसी महिला ने उनके जानकार (विजयपाल गुप्ता) के यहां चोरी की।

# ईरान से तनाव के बीच अमेरिकी नौसेना सचिव जॉन फेलन ने अचानक छोड़ा पद, हंग काओ बने कार्यवाहक सचिव

**वॉशिंगटन, 23 अप्रैल (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच पेंटागन ने बुधवार को अचानक घोषणा की कि नौसेना सचिव जॉन फेलन अपना पद छोड़ रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में किसी सैन्य सेवा के प्रमुख का यह पहला इस्तीफा है। हालांकि, रक्षा विभाग में पिछले कुछ समय से कई बड़े अधिकारियों को हटाया जा रहा है। फेलन के अचानक हटने का कोई कारण नहीं बताया गया है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी कर रखी है और दुनिया भर में तेहरान से जुड़े जहाजों को निशाना बना रही है। अब ट्रंप के करीबी और अंडरसेक्रेटरी हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। काओ नौसेना में 25 साल तक रहे हैं और उनके पास युद्ध का अनुभव भी हैं। फेलन का पद से हटना पेंटागन के शीर्ष नेतृत्व में फेरबदल की एक लंबी कड़ी का हिस्सा हो सकता है। कुछ हफ्ते पहले ही रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना के शीर्ष अधिकारी जनरल रैंडी जॉर्ज को पद से हटा दिया था। हेगसेथ ने पिछले साल पद संभालने के बाद से कई जनरलों और एडमिरलों को हटाया है। इनमें एडमिरल लीसा फ्रेंचेती और जनरल जिम स्लाइफ भी शामिल हैं। ट्रंप ने जनरल चार्ल्स सीक्यू ब्राउन जूनियर को भी उनके पद से हटा दिया है। फेलन का इस्तीफा बहुत चौंकाने वाला है। उन्होंने मंगलवार को ही वाशिंगटन में नौसेना के एक सम्मेलन में हिस्सा लिया था। वहां उन्होंने पत्रकारों से अपने एजेंडे पर बात की थी। उन्होंने सांसदों के साथ बजट और नए जहाज बनाने की कोशिशों पर भी चर्चा की थी। हालांकि, पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने बताया कि फेलन तुरंत अपना पद छोड़ रहे हैं। बता दें कि फेलन ने पहले कभी सेना में काम नहीं किया था। उन्हें नौसेना में बड़े बदलाव करने के लिए लाया गया था।

# अमेरिका के तीन राष्ट्रपतियों ने नेतन्याहू के वॉर प्लान को ठुकराया, लेकिन ट्रंप मान गए; पूर्व विदेश मंत्री का दावा

**वॉशिंगटन, 23 अप्रैल (एजेंसी)।** पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपतियों को भी ईरान के साथ युद्ध का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन सभी ने इसे ठुकरा दिया था। द लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट में बोलते हुए केरी ने कहा, ओबामा ने मना कर दिया। बुश ने मना कर दिया। राष्ट्रपति बाइडेन ने मना कर दिया। मेरा मतलब है, मैं उन बातचीत का हिस्सा था।

**ईरान के साथ युद्ध पर सहमत नहीं थे ओबामा, बुश और बाइडेन:** अमेरिका के पूर्व अधिकारी ने कहा कि अमेरिका के पिछले राष्ट्रपति ईरान के साथ युद्ध करने पर सहमत नहीं हुए, क्योंकि उन्होंने शांतिपूर्ण प्रक्रिया के सभी उपायों को पूरी तरह से नहीं आजमाया था। उन्होंने तर्क दिया कि वियतनाम और इराक दोनों ही युद्धों से एक साझा सबक मिलता है। एक ऐसा सबक जिसे वे वियतनाम युद्ध के अनुभवी सैनिक के तौर पर प्रत्यक्ष रूप से जानते हैं और वह यह है कि अमेरिकी जनता को धोखा नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा, और वियतनाम युद्ध के एक अनुभवी सैनिक के तौर पर जहां इस तरह के फैसले बेहद अहम होते थे, हमसे इस बारे में झूठ बोला गया था कि वह युद्ध किस बारे में था और उस युद्ध तथा इराक युद्ध से मिला सबक यह है कि अमेरिकी लोगों



से झूठ न बोलें और फिर उनसे अपने बेटों और बेटियों को लड़ने के लिए भेजने को न कहें। ईरान ने शेयर किया वीडियो केरी की यह क्लिप शेयर करते हुए, ईरान के प्रेस टीवी ने लिखा, अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी का कहना है कि इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने राष्ट्रपति ओबामा, बुश और बाइडेन के सामने ईरान पर युद्ध छेड़ने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन सभी ने इसे ठुकरा दिया। उनका अनुमान था कि इससे सत्ता परिवर्तन होगा और लोग विद्रोह कर देंगे, लेकिन हमने देखा कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। नेतन्याहू ने ट्रंप को कैसे किया राजी? बताया गया है कि कैसे नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला करने के लिए राजी किया।



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने नरयावली में सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण सहित अन्य विकास कार्यों के भूमि-पूजन एवं लोकार्पण समारोह स्थल पर प्रदर्शित स्थानीय उत्पादों का अवलोकन किया।

# निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें- संभागायुक्त श्री सिंह

**जबलपुर**

जल गंगा संवर्धन अभियान के लक्षित कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराएं- संभागायुक्त श्री सिंह जबलपुर, 23 अप्रैल, 2026 संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टरों से शासन के कार्यक्रमों एवं प्राथमिकता अभियानों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों से संबंधित विभागों की विस्तार से समीक्षा की द्य लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, भवन विकास निगम, सेतु निर्माण, मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरना विकास निगम, जल संसाधन विभाग तथा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा संभाग के सभी जिलों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सभी जिलों में चल रहे प्रगतिरत, पूर्ण, अपूर्ण कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर अप्रारंभ कार्यों के कारणों के बारे में जानकारी ली। संभागायुक्त श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

संभागायुक्त श्री सिंह ने एसीएस की बैठकों के निर्माण विभागों से संबंधित कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन पर समीक्षा करते हुए जल संसाधन विभाग के विभागीय अधिकारियों से नहरों की मरम्मत व संधारण के कार्यों की भी समीक्षा की। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 एवं जल संचय जन भागीदारी 2.0 की समीक्षा के दौरान संभाग के जिलों की स्टेट रैंकिंग पर चर्चा की एवं कमिश्नर श्री सिंह द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सभी सहभागी विभागों के निर्धारित लक्ष्य अनुरूप कार्य/गतिविधियों को सतत मॉनिटरिंग करते हुए समय सीमा में पूर्ण कराने हेतु




कलेक्टर्स को निर्देशित किया।

वीडियों कांफ्रेंस में राजस्व एवं सामान्य प्रशासन से जुड़े मामलों, जिसमें राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरण, राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाईन, सीपीग्राम, सीएम तथा सीएस मॉनिट, लोक सेवा गारंटी, जीएडी, लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त शिकायतों, लंबित विभागीय जांचों, अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन प्रकरणों पर समीक्षा कर इन्हें समय सीमा में निराकरण करने के साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पूर्व में निर्मित अमृत सरोवरों को राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कृषि एवं संबंद्ध विभागों की समीक्षा के दौरान गेहूं उपार्जन के संबंध में समीक्षा कर विभागीय दिशा निर्देश अनुरूप खरीदी केंद्रों की समुचित निगरानी एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने और भंडारण व्यवस्था को बेहतर बनाने को कहा। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, हिरण्यगर्भा अभियान एवं क्षीरधारा ग्राम योजना की भी समीक्षा की।नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में एसबीएम 2.0 और अमृत 2.0 प्रोजेक्ट अंतर्गत कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। संभागायुक्त ने स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा की समीक्षा के दौरान एचपीवी टीकाकरण, मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत पंजीयन, गर्भवती महिलाओं में एएनसी पंजीयन की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण तथा अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत लंबित राहत राशि भुगतान की समीक्षा की गई।

बैठक में उन्होंने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन पर भी विस्तार से चर्चा कर प्रगति का जायजा लिया। समीक्षा के दौरान जिले के कलेक्टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी वर्चुअली रूप से सम्मलित रहे।

## निर्बाध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**भोपाल।**

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गुरुवार को मुरैना-ग्वालियर मार्ग पर स्थित बामोर (बानमोर) औद्योगिक क्षेत्र में 133/11 केवी सब स्टेशन का गुरुवार को औचक निरीक्षण करते हुए विद्युत व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को निर्बाध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराना आपके सेवक की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऊर्जा मंत्री ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तकनीकी खामियों का त्वरित निराकरण कर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जाए। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में बेवजह का विद्युत अवरोध नहीं होना चाहिए। यथासंभव उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ऊर्जा मंत्री ने संबंधित बिजली अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तकनीकी खामियां समयबद्ध रूप से दुरुस्त की जाएँ, जिससे नागरिकों को निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा उपलब्ध हो सके, लेकिन ऐसा कोई काम ना करें, जिससे बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान आए। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह ऊर्जा विभाग का सहयोग करें। सामने आ रही बिजली की समस्या के निदान के लिए पूरा ऊर्जा विभाग मैदान में है। बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मर पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार से बचने का तरीका यह है कि उपभोक्ता अपनी घरेलू बिजली का लोड बढ़वाएं तथा वैध विद्युत कनेक्शन लेकर ही विद्युत उपभोग करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अगर हम बिजली कंपनी का सहयोग करें।

## माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश का सख्त आदेश एक माह में चालू करें सभी आरटीओ चेक पोस्ट

**कटनी**

जबलपुर माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को बड़ा निर्देश देते हुए प्रदेश के सभी आरटीओ चेक पोस्ट 30 दिनों के भीतर पुनः प्रारंभ करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने सरकार द्वारा प्रस्तुत जवाब को असंतोषजनक मानते हुए अधिकारियों के रवैये पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि शासन कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था अपनाए, लेकिन आरटीओ चेक पोस्ट का संचालन अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर प्रदेश के सभी बॉर्डर चेक पोस्ट चालू कर दिए जाएं न्यायालय ने यह भी कहा कि निर्धारित समय सीमा में आदेश का पालन नहीं होने पर याचिकाकर्ता अवमानना याचिका दायर करने के लिए स्वतंत्र रहेगा 2024 में बंद हुए थे चेक पोस्ट मामले में याचिकाकर्ता रजनीश त्रिपाठी ने वर्ष 2025 में याचिका दायर कर बताया था कि राज्य शासन ने 1 जुलाई 2024 से प्रदेश के सभी 47 आरटीओ चेक पोस्ट बंद कर दिए थे। सरकार का तर्क था कि चेक पोस्ट बंद करने से भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और वाहनों की आवाजाही सुगम होगी। इसके स्थान पर परिवहन विभाग ने मोबाइल चेक प्वॉइंट व्यवस्था लागू की थी हालांकि याचिका में दावा किया गया कि चेक पोस्ट बंद होने से राजस्व हानि तथा परिवहन नियंत्रण व्यवस्था प्रभावित हुई है। इसी पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को पुनः चेक पोस्ट शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं।

## मुंबई में आयोजित वर्ड पावर चैंपियनशिप में भोपाल के सांदीपनि विद्यालय के छात्र आराध्य पाराशर ने जीता प्रथम पुरस्कार




सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोविंदपुरा (BHEL) के कक्षा 5 के होनहार छात्र आराध्य पाराशर ने मुंबई में आयोजित प्रतिष्ठित 'वर्ड पावर चैंपियनशिप' (Word Power Championship) के नेशनल लेवल कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। लीप फॉरवार्ड फाउंडेशन (LeapForWord Foundation) द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आराध्य ने देश भर के प्रतिभागियों के बीच 'नेशनल चैंपियन' का खिताब जीता। आराध्य की इस सफलता में उनकी मार्गदर्शिका शिक्षिका श्रीमती ऋतु सक्सैना* का विशेष योगदान रहा। छात्र की इस



उपलब्धि पर प्राथमिक विभाग की प्रधान अध्यापिका (HM) श्रीमती आशा रावत तथा विद्यालय की उप-प्राचार्य श्रीमती रेखा श्रीवास्तव* ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र को बधाई दी है। मुंबई में आयोजित भव्य समारोह में छात्र आराध्य पाराशर एवं उनकी मार्गदर्शक शिक्षिका श्रीमती ऋतु सक्सैना को भी सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

## संविधानवादी , समानतावादी मंच के द्वारा मनाई गई बाबा साहेब जयंती, शिक्षा और नशामुक्त समाज का दिया संदेश

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

**उदयपुरा।** संविधानवादी समानतावादी मंच द्वारा विगत तीन वर्षों से लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत इस वर्ष भी की जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम ÷शिक्षायुक्त और नशा मुक्त हो समाज अपना÷ रखी गई, जिसका उद्देश्य समाज में शिक्षा का प्रसार और नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना रहा।

कार्यक्रम में बच्चों ने स्वरचित सुविचार, गीत, कविता, भाषण और नृत्य प्रस्तुत कर संवैधानिक मूल्यों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने अंधविश्वास से दूर रहने और छात्र-छात्राओं को शिक्षा से न रोकने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर युवा छात्रसंघ के सदस्य, शिक्षकगण और वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि युवा छात्रसंघ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कु. प्रियंका जाटव जी





और छात्र संघ रायसेन की पूरी टीम के साथ मौजूद रही। उन्होंने बच्चों को बाबा साहेब की तस्वीरें, कलम और पुस्तकें वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। वहीं पत्रकार हल्केवीर सूर्यवंशी जी ने भी बच्चों की शिक्षा और कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। शिक्षक दिनेश भैया ने अपने संबोधन में समाज के इतिहास से लेकर वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला और भविष्य में भी सहयोग देने का आश्वासन दिया। नंदकिशोर जी (शिक्षक) ने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि वे हर माह अपनी सैलरी का 1% संविधानवादी समानतावादी मंच को देंगे। उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन भी किया। कार्यक्रम में सभी साथियों ने तन, मन और धन से सहयोग किया, जिससे आयोजन सफल रहा।

इस कार्यक्रम के आयोजक- लक्ष्य भारतीय , मनोहर, करन, चंदन, सुमित्रा , कपिल, ललित सहित अन्य वरिष्ठजन एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# इंदौर की किसान दीदी ने जगाई पराली नहीं जलाने की अलख, 600 बीघा खेत बचाए

**भोपाल।**

उत्तर भारत में फसल कटाई के बाद पराली जलाने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है लेकिन मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के धुलेट गांव में एक महिला किसान ने इस प्रवृति को बदलने की दिशा में मिसाल पेश की है। गांव की रहने वाली श्रीमती पपीता रावत ने न केवल किसानों को जागरूक किया, बल्कि वैकल्पिक समाधान देकर पराली जलाने पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वयं सहायता समूह से शुरू हुआ सफर

श्रीमती पपीता रावत, जो एक स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष है ने अपनी यात्रा आजीविका मिशन से जुड़कर शुरू की। शुरुआती आर्थिक तंगी के बीच उन्होंने सिलाई कार्य से शुरुआत की। कृषि गतिविधियों में रूचि के चलते बाद में स्व-सहायता समूह और बैंक से ऋण लेकर स्ट्रा रीपर मशीन खरीदी। इसके बाद उन्होंने गांव और आसपास के किसानों को पराली जलाने के नुकसान और उससे भूसा बनाने के फायदे समझाए।

600 बीघा खेत में पराली जलाने से बचाया




जिले के धुलेट गांव के आसपास दूर-दूर तक कोई भी किसान अब अपने खेत में पराली (गेहूं कटाई के बाद बचे हुए ठूंठ,अवशेष) नहीं जलाता। इसका कारण महिला किसान श्रीमती पपीता रावत है। पपीता रावत बताती है -÷शुरुआती दिनों में मैं घर ही रहती और मेरे पति महेश मजदूरी करने जाते थे। घर में तंगी बनी रहती। एक दिन गांव में आजीविका मिशन के अधिकारी आए। द्वारकाधीश सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाया। सिलाई मशीन ली और काम शुरू किया। इसके बाद मैंने लोन लेकर %स्ट्रा रीपर मशीन% खरीद ली। गांव सहित आसपास के किसान परिवारों को पराली जलाने के नुकसान और भूसा तैयार करने के फायदे बताए। देखते ही देखते इस साल हमने 600 बीघा से ज्यादा खेत में फसल कटने के बाद पराली जलने से बचा लिया। इस बार पराली से भूसा तैयार कर किसानों को लाभ पहुंचाया। वे इसका उपयोग मवेशियों के %केटल फीड% के रूप में कर रहे है।

डे आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक गायत्री राठौड़ बताती है-÷इस समूह को विलेज ऑर्गेनाइज़ेशन के साथ आस्था संकुल संगठन खुड़ैल से जोड़ा गया। किसान दीदी के रूप में पपीता रावत बेहतर काम कर रही ही है। पशु पालन से जुड़कर भी चार मवेशियों के माध्यम से दूध उत्पादन का व्यवसाय भी कर रही है।÷

पराली जलाने से यह होता है नुकसान

कृषि वैज्ञानिकों का कहना है किसानों द्वारा पराली जलाने की मानसिकता बनी हुई है। प्रदेश में ही सैकड़ों एकड़ खेत में पराली जलाने से उनकी उपजाऊ क्षमता दांव पर लगी हुई है।

## मां नर्मदा को प्रदूषण मुक्त रखने के संकल्प के साथ आटे के दीपक का शुरू किया व्यवसाय



**भोपाल।** प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं उनकी आय में वृद्धि के उद्देश्य से स्व-सहायता समूह बनाकर उनको रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। प्रदेश में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूह स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगार के साधन अपना रहे हैं। ओंकारेश्वर के एक स्व-सहायता समूह ने इसी दिशा में एक अच्छा कार्य आरंभ किया है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल- आटे के दीपक निर्माण से आत्मनिर्भरता की ओर कदम

खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर के समीप स्थित ग्राम मोरटक्का निवासी श्रीमती विजया जोशी ने ÷मां नर्मदा आजीविका स्वयं सहायता समूह÷ का गठन कर एक अनूठी पहल की। उन्होंने ÷आटे के दीपक÷ निर्माण का व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया। उनका मानना था कि प्लास्टिक के दोने में दीपदान करने से नदी में प्रदूषण बढ़ता है, जिससे मां नर्मदा में रहने वाले जलीय जीव-जंतुओं को भी नुकसान होता है।



झालमुरी ला खाए के पहिली,
दुकान के भीतरी कैमरा लगवाइस।
मीडिया मा प्रोपेगंडा करे बर,
विस्वगुरु ये तरीका अपनाइस।।
दस रुपिया के भेल खाए बर,
करोड़ों के प्रसासन लगाइस हे।
हमर टैक्स के पइसा फूंक के।
ये कपटी हा मुचकाइस हे।।
लक्ष्मी नारायण कुम्भकार सचेत दुर्ग (छ0ग0)

यह महाउत्सव धम्म के दीप को प्रज्वलित करने का पावन अवसर है ?
जहाँ करुणा, समता और प्रज्ञा हमारे जीवन को आलोकित करते हैं।
सपरिवार पधारकर इस दुर्लभ पुण्य अवसर का लाभ प्राप्त करें
सेवा, दान व सहयोग से धम्म कार्य में सहभागी बनें और मानवता कल्याण में योगदान दें
सब्बे सत्ता सुखिता होन्तु



# नदी में नहाने गए तीन भाई-बहनों की डूबने से मौत

**बड़वानी (नप्र)।** मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के वरला थाना क्षेत्र में नदी में नहाने के दौरान तीन भाई बहनों की मृत्यु हो गई। उनके शव निकाल लिए गए हैं और आज पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवाया है।

दरअसल, वरला थाना पुलिस के अनुसार 10 वर्षीय राधा, 8 वर्षीय राजवीर और 6 वर्षीय जयवीर की डूब जाने के चलते मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि देवली के पवन ब्राह्मणे के तीनों बच्चे बुधवार दोपहर अपने मामा के घर बिलवा पनाली आए थे। पवन की बड़ी पुत्री राधिका पहले से यहां पर एक अन्य मामा के घर आयी हुई थी।



### नदी में नहाने गए तो डूब गए

दोपहर बच्चों ने खाना खाया और अपनी बड़ी बहन राधिका से मिलने की जिद की और चले गए। इसी बीच रास्ते में अनेर नदी में उनकी नहाने की इच्छा की और वह नहाने लगे।

### नदी के पास दिखे कपड़े और जूते

जब काफी देर तक बच्चे नहीं लौटे तो परिजनों ने उन्हें ढूंढना शुरू किया। वे सबसे पहले राधिका के पास गए जो दूसरे मामा के यहां रह रही थी। उन्होंने बताया कि तीनों बच्चे यहां नहीं आए। इसके बाद शाम को नदी के पास उनके कपड़े और जूते चप्पल दिखाई दिए। तीनों के शव बाहर निकाले गए और अस्पताल भेजे गए। घटनाक्रम देख कर मृतक बच्चों के माता-पिता बेहोश हो गए उनका भी उपचार कराया गया। गुरुवार सुबह बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम कर उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण इस हादसे से स्तब्ध हैं।

## मुख्यमंत्री ने श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने पर बधाई दी

**भोपाल (नप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चार धामों में से एक श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट आज वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खुल गए हैं। यह अवसर सनातन धर्म, आस्था एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सनातन अनुयायियों एवं तीर्थयात्रियों को दिव्य यात्रा के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं तथा बाबा बद्रीनाथ से सभी पर सदैव आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की है।

धार भोजशाला मामला

# एएसआई के निष्कर्ष अकेले भोजशाला का मालिकाना हक तय नहीं कर सकते

## हाईकोर्ट में सलमान खुर्शीद की दलीलें



**इंदौर (नप्र)।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में भोजशाला परिसर को लेकर सुनवाई जारी है। सुनवाई के दौरान मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद पेश हुए थे। उन्होंने सुनवाई के दौरान मौजूदा याचिका और अयोध्या मुकदमे के बीच एक फर्क बताया है। सलमान खुर्शीद ने कहा कि राम मंदिर मामले में, राम लल्ला विराजमान यानी देवता खुद याचिकाकर्ता थे। साथ ही मंदिर की देखभाल करने वाले शैबेत भी उनके साथ थे।

**सिर्फ जमीन होने से कोई देवता नहीं बन जाता-** सलमान खुर्शीद ने कहा कि भोजशाला मंदिर-कमल मौला मस्जिद मामले में, ऐसी कोई व्यवस्था मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि इसमें दावा किया जा रहा है कि जिस जमीन पर आज मस्जिद खड़ी है, उसी जमीन से किसी देवता का जुड़ाव है या उसी जमीन के संबंध में किसी देवता की कल्पना की गई है।

### एएसआई के सबूतों पर उठाया सवाल

इसके साथ ही खुर्शीद ने एएसआई की खोजों को दिए जा रहे सबूतों के महत्व पर सवाल उठाया। उन्होंने अयोध्या फैसले का हवाला देते हुए दलील दी कि पुरातत्व विज्ञान मूल रूप से व्याख्या पर आधारित होता है और इसमें अनुमान के कई स्तर शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या मामले में भी, सुप्रीम कोर्ट ने हालांकि उसने जमीन के नीचे एक गैर-इस्लामी ढांचा होने की पहचान की थी। साथ ही साफ तौर पर यह पाया था कि उसे ढांचा गिराए जाने का कोई पक्का सबूत नहीं मिला है। उसने यह चेतावनी दी थी कि पुरातत्व रिपोर्टों को कुछ शर्तों के साथ ही पढ़ा जाना चाहिए।

# सीएम हाउस के पास चौराहों पर धरना-प्रदर्शन पर रोक

## भोपाल पुलिस कमिश्नर ने जारी किया आदेश, पॉलिटेक्निक समेत प्रमुख चौराहों को प्रतिबंधित क्षेत्र किया घोषित

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल में अब शहर के सबसे व्यस्त चौराहों पर धरना-प्रदर्शन और पुतला दहन जैसे कार्यक्रम नहीं हो सकेंगे। पुलिस आयुक्त द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर पॉलिटेक्निक चौराहा, आकाशवाणी चौराहा और किलोल पार्क चौराहा सहित आसपास के क्षेत्रों को प्रतिबंधित घोषित कर दिया गया है।

आदेश में कहा गया है कि ये चौराहे शहर के मुख्य मार्गों पर स्थित हैं और यहां से एयरपोर्ट, हमीदिया अस्पताल सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों के लिए आवागमन होता है। इन जगहों पर धरना-प्रदर्शन या आंदोलन होने से यातायात बाधित होता है, जिससे आम लोगों को परेशानी होती है। साथ ही एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती हैं।

# प्रदेश का टूरिस्ट स्पॉट खजुराहो सबसे गर्म

## नर्मदापुरम् समेत 7 जिलों में लू जैसे हाल, पारा 43.8 डिग्री पहुंचा

**भोपाल (नप्र)।** मध्य प्रदेश के 9 जिलों में गुरुवार को लू जैसे हाल रहे। यहां पारा सामान्य से 4.2 डिग्री तक अधिक रहा। वहीं, नर्मदापुरम् में पारा 43.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव में तापमान 43 डिग्री या इससे पार बना हुआ है।

मौसम विभाग के अनुसार,नर्मदापुरम्, छतरपुर, रतलाम, सागर, टीकमगढ़, रायसेन, निवाड़ी में पारा सामान्य से ज्यादा रहे। यहां गर्म हवाओं का दौर रहा। भोपाल में भी दिन में गर्मी का अहसास देखने को मिला।



मौसम विभाग के अनुसार, नर्मदापुरम के बाद खजुराहो में पारा 43.4 डिग्री और नौगांव में 43 डिग्री दर्ज किया गया। सीधी में 42.6 डिग्री, दतिया, दमोह, सागर-टीकमगढ़ में 42.2 डिग्री, रायसेन-रतलाम में 42 डिग्री, सतना में 41.8 डिग्री, मंडला में 41.6 डिग्री, गुना-रीवा में 41.5 डिग्री, नरसिंहपुर-खरगोन में 41.4 डिग्री, श्योपुर में 41.2 डिग्री, शाजापुर, खंडवा-दतिया में 41.1 डिग्री, उमरिया में 41 डिग्री रहा।

# खिवनी अभयारण्य बनेगा वन्यजीव संरक्षण और इको-टूरिज्म व

## युवराज और मीरा ने खिवनी को बनाया टाइगर-लैंड, बाघों की वापसी से 'शांत कॉरि

**भोपाल (नप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राकृतिक रूप से बाघों की बढ़ती मौजूदगी के कारण खिवनी वन्य-प्राणी अभयारण्य वन्यजीव संरक्षण की सफलता का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का विजन खिवनी को एक सुदृढ़ बाघ आवास के साथ-साथ प्रमुख इको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करना है, जिससे संरक्षण और पर्यटन दोनों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि खिवनी आने वाले समय में वन्यजीव संरक्षण और इको-टूरिज्म का आदर्श केंद्र बनेगा।

खिवनी में बाघ 'युवराज' और 'मीरा' ने इसे अपना स्थायी ठिकाना बनाकर नई पहचान दी है। वन विभाग द्वारा मीरा के तीन शावकों को जन्म देने की पुष्टि की गई है। ये शावक अब अपनी मां के साथ जंगल में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। वर्तमान में खिवनी में लगभग एक दर्जन बाघों की मौजूदगी दर्ज की जा रही है, जो इस क्षेत्र के पारिस्थितिक पुनर्जीवन का स्पष्ट संकेत है।



खिवनी में वन्यजीवों की बढ़ती गतिवि जंगली कुत्तों (ढोल) की सक्रियता, तेंदुए, र

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)